आकाशवाणी चंडीगढ़
हिन्दी प्रादेशिक समाचार
(तिथि 01 मार्च 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर लोगों से भविष्य में बिजली की मांग बढ़ने के मद्देनजर ऊर्जा सरंक्षण का आह्वान किया।

2- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर कस्बे में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। जनसमूह से आगामी चुनाव में पंजाब की राजनितिक दिशा बदलने को तैयार रहने को कहा।

3- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने खेती में तकनीक के प्रयोग और प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया।

4- स्मार्टसिटी चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अब तक की सबसे बड़ी मैराथन का आयोजन किया गया।

5- हरियाणा में आज कई जगह होली मिलन समारोह आयोजित किये गए।

---

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने की आने वाले समय में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के मद्देनजर ऊर्जा सरंक्षण पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में अब आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। किन्तु आने वाले वर्षों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ऊर्जा संरक्षण पहलों के माध्यम से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने में भी मदद मिली है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2005 से 2020 के बीच ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 35 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और देश 50 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। ऊर्जा मंत्री ने इस अवसर पर बी.ई.ई. स्टार लेबल मोबाइल ऐप का शुभारंभ भए किया और नए बीईई@25 लोगो (logo) का अनावरण भी किया।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं की, तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने हरियाणा में चलाई जा रही जन कल्याण की योजनाओं का उल्लेख भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के निर्माता नेकचंद सैनी का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज में कला और संस्कृति की अमिट छाप छोड़ी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज खेती में तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धरती पर जमीन का दायरा तय है। जैसे-जैसे परिवार बढ़ रहा है वैसे ही जोत घट रही है। किसानों को अपनी जमीन को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती और कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरूरत है।

कृषि मंत्री लाड़वा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कृषि विकास मेले के समापन पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कृषि मंत्री श्याम ने मेला परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। ईद दौरान उन्होंने आज ड्रा योजना के तहत विजेता रहे पानीपत के गांव मदी निवासी संदीप को धान की सीधी बिजाई करने वाली डीआरएस मशीन प्रदान की। मंत्री ने  पहले दिन ड्रा में विजेता रहे किसानों को भी ट्रैक्टर, डीआरएस मशीन व रोटावेटर मशीन देकर सम्मानित किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि देश को किसान हितैषी, अनुभवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। जिसको ध्यान में रखते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए किसानों के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इनका उद्देश्य किसान की वास्तविक आय को 4 गुणा बढ़ाना है। मीडिया से बातचीत में श्री राणा ने कहा –

---

स्मार्टसिटी चंडीगढ़  में आज अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहली और अब तक की सबसे बड़ी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें  18 वर्ष से लेकर 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 3500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 38 विदेश धावक भी शामिल हैं।इसके अलावा कई बड़े चेहरे भी इस दौड़ का हिस्सा बने।

रन, राइज, रिपीट के संदेश के साथ मैराथन की शुरुआत और समापन  चंडीगढ़ क्लब में हुआ। चंडीगढ़ के प्रशासक  गुलाबचंद कटारिया ने मैराथन को झंडी दिखा कर रवाना किया। अलग-अलग इवेंट के लिए मैराथन को सुबह 4 से 7 बजे के बीच झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

प्रतियोगिता चार श्रेणियों में आयोजित की गई। इसमें 42 किलोमीटर की फुल मैराथन, 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किलो मीटर की फन रन शामिल थी। 5 किलोमीटर की  दौड़ फिटनेस जागरूकता के उद्देश्य से कराई।  42 किलोमीटर की मैराथन 2 घंटे 17 मिनट के रिकॉर्ड समय में पूरी हुई। वहीं, 21 किलोमीटर की दौड़  1 घंटे 1 मिनट में खत्म हुई। विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 1 करोड़ 16 लाख रुपये के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।  इस दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के व्यापक इंतजाम देखने को मिले। लोगो की सुविधा के लिए  कई रूट डायवर्ट भी  किए गए थे।

---

हरियाणा में आज कई जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बरवाला में आयोजित होली मिलन व सांग समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर श्री रणबीर गंगवा ने सभी को होली की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि सांग हमारे प्रदेश की मनोरंजन की सबसे पुरानी विधा है जो विलुप्त होती जा रही है। इस विधा को फिर से जीवित करने की कोशिश होनी चाहिए। समारोह में  स्थानीय कलाकारों ने सांग नृत्य प्रस्तुत किया। सांग प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को कैबिनेट मंत्री ने सम्मानित भी किया।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल के गांव किठवाड़ी में होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि होली का पर्व सनातन संस्कृति का प्रमुख पर्व है, जो प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

इस अवसर पर गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में सकारात्मक सोच के साथ राजनीति करते हुए पलवल के विकास को गति प्रदान की जाएगी। हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज गुरुग्राम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

---

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के सेक्टर 2 स्थित हुड्डा चौक पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का सन्देश दिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर खेलराज्य मंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना सभी की नैतिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो न केवल पलवल बल्कि पूरा हरियाणा हरित एवं स्वच्छ बन सकता है। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

श्री गौरव गौतम ने हुड्डा चौक पर प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने कहा कि यह पहल शहर के सौन्द्रीयकरण के साथ साथ पलवल की पहचान को नयी ऊंचाई प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि शहर का विकास केवल बुनियादी ढांचे तक सिमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, हरियाली और सुव्यवस्थित वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

---

भिवानी ज़िले में आज एक छोटा ट्रक धिराणा चौक के पास असंतुलित होकर पलट गया। इस हृदयविदारक घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार इस वाहन में 15 से 20 लोग सवार थे। पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों को तुरंत एम्बुलेंस के ज़रिये भिवानी के सामान्य अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल के चिकित्स्कों के मुताबिक, घायलों में से तीन लोगों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

---